# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
## NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING

आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित / ISO 9001 : 2008 Certified

क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून / Regional Centre, Dehradun

(स्कूल शिक्षा और साक्षारता विभाग, मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An Autonomous Institution Under Deptt. of School Education and Literacy, M.H.R.D., Govt. of India)


एफ-331-11/2017/ एन.आई.ओ.एस / आर.सी/ देहरादून /27465 दिनाँक- 17/01/2018

सेवा में

सयुक्त निदेशक
सी.बी.सी. एन.आई.ओ.एस
ए -24 / 25 इंस्टिट्यूशनल एरिया सेक्टर-62 नोएडा (यू.पी.)

**विषयः- डी.एड.एड अध्ययन केन्द्रों पर पी.सी.पी. कक्षाओं के संचालन हेतु बजट आवंटन संबंध में-**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में निवेदन करना है कि डी.एल.एड अध्ययन केन्द्रों पर पी.सी.पी. कक्षाओं के संचालन सलंग्न कार्यक्रम अनुसार उत्तराखण्ड में प्रारम्भ हो चुका है सम्बन्धित केन्द्रों के प्रधानाचार्य / समन्वयकों द्वारा संपर्क कक्षाओं हेतु अध्ययन सामग्री एन.आई.ओ.एस की वेबसाइट से प्रिन्टआउट निकालने एंव केन्द्र पर अन्य आकस्मिक कार्यो हेतु बजट की मांग की जा रही है।

अतः डी.एल.एड अध्ययन केन्द्रों हेतु आवश्यक बजट शीघ्र आवंटन करने का कष्ट करेंगे।

भवदीय

( प्रदीप कुमार रावत )
क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपिः-

1. सचिव एन.आई.ओ.एस को सूचनार्थ प्रेषित –

( प्रदीप कुमार रावत )
क्षेत्रीय निदेशक


अमृत प्लाज़ा, मोथरोवाला रोड, (निकट- पानी की टंकी, बंगाली कोठी चौक), देहरादून, (उत्तराखंड)
Amrit Plaza, Mothrowala Road, (Near- Water Tank, Bangali Kothi Chowk), Dehradun, (Uttarakhand)
Email: rcdehradun@nios.ac.in Website: www.nios.ac.in

## दिनाँक 3 जनवरी 2018 की बैठक का कार्यवृत्त

## स्थान – अकादमिक शोध एंव प्रशिक्षण निदेशालय देहरादून

आज दिनाँक 3 जनवरी 2018 को राज्य में संचालित डी.एल.एड पाठ्यक्रम में पी.सी.पी. कक्षाओ को प्रारम्भ किये जाने के संबंध मे विचार–विमर्श हेतु विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियो एंव एन.आई.ओ.एस. क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के अधिकारियों की बैठक - अकादमिक शोध एंव प्रशिक्षण निदेशालय ननूरखेड़ा देहरादून में आयोजित की गई।

बैठक में निम्न अधिकारी उपस्थित रहे।

1. श्रीमती सीमा जौनसारी; निदेशक, अकादमिक शोध एंव प्रशिक्षण निदेशालय देहरादून।
2. श्री वीरेन्द्र सिंह रावत; अपर निदेशक प्राथमिक / नॉडल अधिकारी डी.एल.एड उत्तराखण्ड।
3. श्री अजय कुमार नौडियाल; अपर निदेशक एस.सी.ई.आर.टी. देहरादून उत्तराखण्ड।
4. श्रीमती कंचन देवराड़ी; सयुक्त निदेशक एस.सी.ई.आर.टी. देहरादून उत्तराखण्ड।
5. श्री प्रदीप कुमार रावत; क्षेत्रीय निदेशक एन.आई.ओ.एस. क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून।

बैठक में निचारणीय बिन्दु एंव निर्णय-

1. सम्यक विचारोपरांत इस बिन्दु पर सहमति बनी कि समस्त अध्ययन केन्द्रों पर पी.सी.पी. कार्यक्रमों के संचालन की तिथियाँ केंद्रीय रूप से निश्चित की जायें अन्यथा पी. सी. पी. कक्षाओं की मॉनीटीरिंग प्रभावी रूप से सम्भव नही हो पायेगी।
2. बैठक में डी.एल.एड पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पी.सी.पी. कक्षाओं को आयोजित करने के सम्बन्ध में व्यापक चर्चा की गई। चर्चा में यह बिन्दु उभर कर आया, कि उत्तराखण्ड राज्य में अधिकतर अध्ययन केन्द्रो की स्थापना राजकीय/ अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में की गई है। इन केन्द्रों पर 15 जनवरी 2018 तक शीतावकाश के फलस्वरुप अध्ययन केन्द्रो के समन्वयक एंव रिसोर्स पर्सनस अध्ययन केन्द्रो पर उपलब्ध नही हो पायेंगे। अतः 15 जनवरी से पूर्व इन अध्ययन केन्द्रों पर पी.सी.पी. संचालित किया जाना संभव नही हैं।
3. जिन अध्ययन केन्द्रों के समन्वयक शीतावकाश में पी.सी.पी. संचालित करने हेतु तैयार हैं उन्हे शीतावकाश में पी.सी.पी. कक्षाओं का संचालन करने की स्वतंत्रता दे दी जाये, किन्तु तिथियाँ केन्द्रीय स्तर पर निर्धारित की जायें।
4. अतः उत्तराखण्ड राज्य में दो विकल्प प्रस्तुत किये जाते हैं।

| प्रथम विकल्प की तिथियाँ | द्वितीय विकल्प की तिथियाँ |
|---|---|
| जनवरी 2018 - 10, 11,12,13,14,21,22,26,28;<br>फरवरी 2018 - 04,11,14,18,25:<br>मार्च 2018- 04; | जनवरी 2018 - 21, 22, 26, 28 ;<br>फरवरी 2018- 04, 11, 14, 18, 25 ;<br>मार्च 2018 - 04, 11, 18, 25, 29, 30 ; |

5. यदि अति विषम परिस्थिति में किसी पूर्व निर्धारित तिथि को पी.सी.पी. कक्षाऐं संचालित करना सम्भव न हो तो अध्ययन केन्द्र के समन्वयक इसकी पूर्व सूचना क्षेत्रीय निदेशक एन.आई.ओ.एस. क्षेत्रीय केन्द्र देहरादून, निदेशक अकादमिक शोध एंव प्रशिक्षण ननूरखेडा देहरादून तथा नॉडल अधिकारी/ अपर निदेशक प्राथमिक शिक्षा को

लिखित रुप में कारण सहित देंगे। तथा यह सूचित करेंगे कि समस्त प्रक्षिशणार्थियों को सूचित कर दिया गया है। प्रक्षिशणार्थियों को सूचित करने का समस्त उत्तरदायित्व संबन्धित अध्ययन केन्द्रो के समन्वयक का होगा।

6. बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि क्षेत्रीय निदेशक एन.आई.ओ.एस देहरादून उक्त पी. सी. पी. के संबंध में प्रचार-प्रसार हेतु दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन देंगे। तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग/ नॉडल अधिकारी; समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा, डायट प्राचार्य एंव खण्ड शिक्षा अधिकारियों को उक्त निर्णय का अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित करेंगे।

| ( सीमा जौनसारी ) | ( वीरेन्द्र सिंह रावत ) | (अजय कुमार नौडियाल ) | (कंचन देवराड़ी ) | ( प्रदीप कुमार रावत ) |
|---|---|---|---|---|
| निदेशक- अकादमिक शोध एंव प्रशिक्षण निदेशालय देहरादून। | अपर निदेशक प्राथमिक / नॉडल अधिकारी डी.एल.एड उत्तराखण्ड। | अपर निदेशक एस.सी.ई.आर.टी. देहरादून उत्तराखण्ड। | सयुक्त निदेशक एस.सी. ई.आर.टी. देहरादून उत्तराखण्ड। | क्षेत्रीय निदेशक एन.आई.ओ.एस. क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून |